भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.1713

जिसका उत्तर 28.11.2019 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग सं॰ 65 पर अंडरपास और ब्रिज

1713. श्री नायब सिंह सैनीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को राष्ट्रीय राजमार्ग सं॰ 65 पर धनीरामपुरा बाईपास, उरूनई रोड (पेहोवा, कुरूक्षेत्र) में एक अंडरपास पुल और एक पुल के निर्माण के लिए कोई पत्र/अनुरोध/अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): जी, हां। धनीरामपुरा बाईपास पर अरुणई सड़क पर अंडरपास के निर्माण के लिए एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है। क्रास रोड पर वर्तमान यातायात इस स्थान पर ग्रेड विभाजित चौराहे की मांग नहीं करता है। हालाँकि, अरुणई गाँव सड़क और धनीरामपुरा बाईपास के साथ इंटरसेक्शन को सभी सुरक्षा उपायों के साथ ग्रेड-फोर-लेग्ड जंक्शन के रूप में अच्छे तरीके से डिज़ाइन किया गया है।

****